तापमान
अधिकतम 32.7 डिग्री
न्यूनतम 12.9 डिग्री

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार 19 मार्च 2026

12 एक एकड़ में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी ...

12 नवनियुक्त सांसद बौद्ध का किया सम्मान

खबर संक्षेप

शाहबाद से अपहरण की गई युवती जालंधर से बरामद

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र पुलिस को अपहरण की गई युवती को बरामद करने में बड़ी सफलता मिली है। जिला पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शाहबाद से अपहर्त युवती को पंजाब के जालन्धर से बरामद करने में सफलता हासिल की है। परिजनों ने अज्ञात युवकों पर अपहरण की आंशका जताई थी। पुलिस की टीमों द्वारा पंजाब के विभिन्न स्थानों पर छानबीन की गई। शाहबाद चौकी की टीमों ने संदिग्ध परिस्थितियों में लापता युवती को पंजाब के जालन्धर से सकुशल बरामद कर लिया।

निर्माणाधीन मकान से हजारों का सामान चोरी

यमुनानगर। विशाल नगर कॉलोनी में बन रहे निर्माणधीन मकान से चोरों ने हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर की भाटिया की चक्की निवासी विक्रम प्रसाद ने गांधीनगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह शहर की विशाल नगर में मकान का निर्माण करवा रहा है। 16 मार्च को शाम के समय वह मकान से काम खत्म करवा कर घर लौट आया था। अगली सुबह जब वह अपने निर्माणधीन मकान पर पहुंचा तो उसे वहां रखा सामान गायब मिला।

चोरों ने बस स्टैंड से चुराया महिला का बैग

यमुनानगर। चोरों ने यमुनानगर बस स्टैंड से एक महिला का बैग चोरी कर लिया। बैग में 10 हजार रुपए, कपड़े, आधा तोला सोने की अंगूठी तथा मोबाइल था। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव फतेहगढ़ निवासी संजीव कुमार ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी मां शोभा देवी 15 मार्च को दोपहर तीन बजे रिश्तेदारी में जाने के लिए यमुनानगर बस स्टैंड पर आई थी। इस दौरान वह बस स्टैंड पर काउंटर नंबर छह पर बैठी थी। उसने अपने बैक को अपने नजदीक साइड में रख दिया और बस का इंतजार करने लगी। कुछ देर बाद उसे वहां से बैग गायब मिला।

अवैध रूप से पेट्रोल बेचते दुकानदार को पकड़ा

यमुनानगर। अमेरिका ईरान युद्ध के बीच पेट्रोलियम पदार्थ में होने वाली कमी की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन व मुख्यमंत्री उड़न दस्ता की टीम ने भी विशेष निगरानी करनी शुरू कर दी है। इस दौरान मुख्यमंत्री उड़न दस्ते की टीम ने साढ़ौरा क्षेत्र में छापामारी कर अवैध रूप से पेट्रोल बेचने के मामले में एक दुकानदार को दबोचा है। साढ़ौरा थाना पुलिस ने आरोपी दुकानदार के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

राज्यपाल प्रो. असीम घोष ने झंडी दिखाकर शोभायात्रा को किया रवाना

2100 कलशधारी महिलाओं संग निकली शोभायात्रा

मां भद्रकाली शक्तिपीठ में नवरात्रि का भव्य आगाज

अतिथियों ने मां की कंजक श्लोका पंडित का कन्यापूजन किया

तरुण वधवा ▶▶ कुरुक्षेत्र

हरियाणा के एकमात्र शक्तिपीठ श्री देवीकूप भद्रकाली मंदिर में 18 मार्च से शुरू होकर 2 अप्रैल तक चलने वाले नवरात्रि आनन्द महोत्सव की भव्य शुरूआत हुई। इस अवसर पर मंदिर परिसर से भव्य विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा को हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने धर्मपत्नी मित्रा घोष सहित धर्म ध्वज फहराकर व बड़ी घड़ोल बजा कर नगर परिक्रमा के लिए रवाना किया। जिसके बाद धर्म ध्वज को धर्म ध्वज स्तम्भ पर स्थापित किया गया और शंखनाद के बीच उनके द्वारा घडोल व घंटा नाद किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली भी मौजूद रहे। सर्वप्रथम राज्यपाल के स्वागत में पारंपरिक ढोल वंदन किया गया व पीठाध्यक्ष पंडित सतपाल शर्मा के सानिध्य मे टीम शक्तिपीठ द्वारा पुष्प गुच्छ द्वारा स्वागत सत्कार किया गया। तत्पश्चात गुरुजी द्वारा महामहिम व उनकी धर्मपत्नी को मां की शक्ति चुनरी, तिलक व अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। अतिथियों ने मां की कंजक श्लोका पंडित (कुहू) का कन्यापूजन किया।

कुरुक्षेत्र। शोभायात्रा में शामिल कलशधारी महिलाएं एवं शोभायात्रा को झंडी दिखाकर रवाना करते राज्यपाल प्रो. असीम घोष।

हल्दी, चन्दन, दूध, दही, गंगाजल, शहद, कुमकुम व पुष्प दान किया

अतिथियों ने मां सती का चांदी चरण पूजन किया जिसमें उन्होंने हल्दी, चन्दन, दूध, दही, मखन, गंगाजल, शहद, कुमकुम, गुलाब जल व पुष्प दान किया। तिरंगा रूपी गुब्बारों के तीन गुच्छों को आसमान में छोड़ा गया। इससे पहले पहले दिन की शुरूआत प्रातः कालीन मंगला आरती मुख्य पुजारिन शिमला देवी द्वारा की गई जिसमें दीपक बहल मुख्य यजमान के रूप में सम्मिलित हुए। तत्पश्चात प्रातः 8 बजे सुनील शर्मा द्वारा कलश पूजन किया गया।

108 फुट ऊंचे स्वर्णिम रंग से रंगित गुंबद पर ध्वजारोहण किया

पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा के सान्निध्य में प्रातः 9 बजे परम्परानुसार अध्यक्ष महोदय नरेंद्र वालिया द्वारा गणेश द्वार पर और 108 फुट ऊंचे विशेष स्वर्णिम रंग से रंगित गुंबद पर ध्वजारोहण किया गया। महामहिम राज्यपाल ने अपने निजी कोष से मंदिर संस्था को 5 लाख रुपए देने की घोषणा की। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने अपने सम्बोधन में कहा कि ऐसी भव्य शोभायात्रा में सम्मिलित होकर वो अपने आप को सौभाग्यशाली मानते है और पूरे हरियाणा की उन्नति की मनोकामना करते हैं।

शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत

पीठाध्यक्ष ने अपने सम्बोधन में कहा कि शोभायात्रा में मां भद्रकाली ज्योति रथ , हजारों कलशधारी महिलाए, 1100 झंडे , 52 शक्तिपीठों के 52 चांदी त्रिशूल , 11 गोल ध्वज पताका , 101 विशेष "जय मां छतरी, 11 गदा भी मां भद्रकाली जी की शोभा को बढ़ा रही थी । 21 ढोल, पाइप बैंड बाजा , मां काली के 8 स्वरूपों को दशार्ते माँ भवानी के विभिन्न रथ, सिंदूरी हनुमान, बाहुबली हनुमान, कुल 26 रथों पर भारत माता, श्री गणेश , हनुमान , नवदुर्गा , लक्ष्मी जी, महाकाली जी, सरस्वती जी, महिषासुर मर्दिनी, राधा कृष्ण, यशोदा कृष्ण, अयोध्या धाम की झांकी निकाली गई।

मंदिर में अन्नपूर्णा भंडारा दिया

नगरदेवी मां भद्रकाली जी की ज्योति धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र को प्रकाशमान करते हुए मंदिर से निकलकर रोटरी चौक, पुराने बस स्टैंड, आंबेडकर चौक, सेक्टर 17 मार्केट, वालिया बिल्डिंग, पारस सिनेमा, गोल बैंक चौक, न्यू कॉलोनी, अमीन रोड, छटी पातशाही गुरुद्वारा, आंबेडकर चौक, कच्चा घेर,मोहन सिनेमा, शास्त्री मार्केट, दर्रा खेड़ा, शेख चिल्ली का मकबरे से होते हुए वापिस मां भद्रकाली शक्तिपीठ में सांय 6 बजे प्रतिस्थापित हुई। शाम 5 बजे नीलम, दिनेश कंसल झांसा वाले द्वारा मंदिर में अन्नपूर्णा भंडारा दिया गया। महाआरती मे मुख्य अतिथि के रूप में कुरुक्षेत्र एसपी अग्रवाल एवं मुख्य यजमान के रूप में जय भगवान शर्मा उपस्थित रहे।

इंद्री के पास पश्चिमी यमुना नहर से मिले पशुओं के अवशेष

- पशुओं के अवशेषों को पोस्टमार्टम के लिए करनाल के पशुधन केंद्र भेज दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंद्री

इंद्री के नजदीक के गांव धमनहेड़ी के पास पश्चिमी यमुना नहर में पशुओं के अवशेष मिलने का मामला सामने आया है । नहर में पशुओं के अवशेष मिलने की घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। राहगीरों ने जैसे ही नहर मे पशुओं के अवशेष देखे तो तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी । सूचना पर इंद्री के डीएसपी सतीश गौतम व थाना प्रभारी विपिन कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जांच शुरू कर दी। गोरक्षकों ने मौके पर पहुंच कर पशुओं के अवशेषों को नहर से बाहर निकाला। पुलिस टीम ने मौके से पशुओं के अवशेषों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए करनाल के पशुधन केंद्र भेज दिया है ताकि मौत के सही कारणों का पता लगाया जा सके। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि नहर से करीब आठ गोवंशों के अवशेष बरामद हुए हैं। मौके पर पहुंचे गो रक्षा दल मोनू पहलवान, अंकित, मोनु धीमान, मुकेश सैनी संदीप सैनी, विष्णू, सोनू, बलदेव आदि ने बताया कि मामला गोहत्या से जुड़ा लगता है।

लॉरेंस गैंग का सदस्य बताकर युवक से मांगी पांच लाख की रंगदारी

यमुनानगर। रादौर क्षेत्र के गांव मंसूरपुर में एक युवक को इंस्टाग्राम के माध्यम से जान से मारने की धमकी देकर पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। आरोप है कि धमकी देने वाले व्यक्ति ने खुद को कुख्यात लॉरेंस गैंग का सदस्य बताया। पुलिस ने पीड़ित युवक की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ के स्टार्च कर कार्रवाई शुरू कर दी।

रादौर के गांव मंसूरपुर में इंस्टाग्राम के माध्यम से धमकी

जानकारी के अनुसार गांव मंसूरपुर निवासी गौरव ने रादौर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 17 जनवरी को उसे इंस्टाग्राम आईडी से कॉल आई। आरोपी ने खुद को कुख्यात लॉरेंस गैंग का सदस्य बताया। आरोपी ने उससे पांच लाख रुपये की मांग की और पैसे न देने पर उसे तथा उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। आरोपी ने उसे बताया कि वह उसकी गतिविधियों और परिवार पर नजर रख रहा है। गौरव ने बताया कि आरोपी इंस्टाग्राम के माध्यम से उसे लगातार डराने-धमकाने वाले संदेश भेजे गए।

यमुनानगर: संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने की आत्महत्या

यमुनानगर। थाना प्रताप नगर स्थित पाल ढाबा फैजपुर के पास एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में आत्महत्या कर ली। मृत्यु के भाई ने चार लोगों पर उसे आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

चार आरोपियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में किया केस दर्ज

गांव चिम्माबांस निवासी सहमान ने प्रताप नगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका भाई सोनू गांव फैजपुर के नजदीक स्थित पाल ढाबा पर काम करता था। इस दौरान 16 मार्च को रात साढ़े आठ बजे उसे सूचना मिली थी कि उसके भाई सोनू ने आत्महत्या कर ली है। वह मौके पर पहुंचा। जांच के दौरान उसे पता चला कि उसके भाई को सोनू पांचाल, संतकुमार, सुनील रावत व सतीश चौधरी ने आत्महत्या के लिए उकसाया है। आरोपियों ने उसके भाई के साथ अभद्र व्यवहार भी किया।

म्हारी सड़क पोर्टल की मैपिंग में लापरवाही पर कार्रवाई

बड़ा एक्शन: पानीपत में नगर निगम के दो जेई निलंबित

- दोनों को अपनी हाजरी निगम में दर्ज करनी होगी मुख्यालय छोड़ने की अनुमति एडिशनल कमिश्नर विवेक चौधरी से लेनी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत नगर निगम पानीपत में प्रशासनिक कार्यों में कोताही बरतने वाले जूनियर इंजीनियर शिवराज व राजकुमार को सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट 'म्हारी सड़क' पोर्टल या ऐप पर शिकायतों की मैपिंग में रुचि नहीं लेने पर पद से निलंबित कर दिया है। दोनों को पद से निलंबित करने के लिखित निर्देश एडिशनल कमिश्नर विवेक चौधरी द्वारा जारी किए गए है। एडिशनल कमिश्नर विवेक चौधरी ने कहा कि दोनों को लेटर जारी कर 19 मार्च तक जबाब देने को कहा गया है। जबाव मिलने पर आगामी आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। चौधरी द्वारा जारी किए गए निलंबन आदेश में स्पष्ट किया गया है कि निदेशालय स्तर से समय-समय पर 'म्हारी सड़क' पोर्टल पर वार्डों की मैपिंग करने के निर्देश दिए गए थे। नगर निगम कमिश्नर ने बैठकों और आधिकारिक व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से बार-बार चेतावनी दी थी, इसके बावजूद भी दोनों जूनियर इंजीनियर शिवराज व राजकुमार ने कार्य में कोई रुचि नहीं दिखाई। इसी लापरवाही का नतीजा रहा कि पूरे हरियाणा में पानीपत नगर निगम का प्रदर्शन सबसे निचले स्तर पर पाया गया। नौ फरवरी को चंडीगढ़ में आयुक्त एवं सचिव, शहरी स्थानीय निकाय विभाग की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय बैठक में पानीपत नगर निगम के खराब प्रदर्शन पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई थी। इसके बावजूद, 16 मार्च को जब निदेशालय ने दोबारा समीक्षा की, तो इन अधिकारियों के कार्य में कोई प्रगति नहीं मिली। सरकार और उच्चाधिकारियों की इस नाराजगी के बाद कमिश्नर के निर्देशों पर यह सख्त कार्रवाई अमल में लाई गई है। वहीं, शिवराज व राजकुमार का हैड क्वार्टर पानीपत निगम को ही बनाया गया है, प्रति दिन दोनों को अपनी हाजरी निगम में दर्ज करनी होगी, दोनों को मुख्यालय छोड़ने की अनुमति एडिशनल कमिश्नर विवेक चौधरी से लेनी होगी। दूसरी ओर, दो जेई पर निलंबन जैसी सख्त कार्रवाई से निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है। इधर, एसी चौधरी ने स्पष्ट किया है कि जनहित से जुड़े पोर्टल और सरकारी योजनाओं की मैपिंग में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

केयू में गोयल अवार्ड पुरस्कार समारोह 3 अप्रैल को

प्रो. अनिरुद्ध, प्रो. थलप्पिल, प्रो. परमजीत और प्रो. श्रीराम रामास्वामी होंगे सम्मानित

वैज्ञानिकों ने मानवता के कल्याण में भी अभूतपूर्व दिया है योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 3 अप्रैल 2026 को देश के चार अग्रणी प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों को गोयल पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु एवं गोयल पुरस्कार आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि गोयल पुरस्कार पुरस्कृत होने वाले देश के चार महान वैज्ञानिकों मुंबई से प्रो. अनिरुद्ध पंडित (अनुप्रयुक्त विज्ञान), चेन्नई से पद्म श्री प्रो. थलप्पिल प्रदीप (रसायन विज्ञान), दिल्ली से प्रो. परमजीत खुराना (जीव विज्ञान) और बैंगलोर से प्रो. श्रीराम रामास्वामी (भौतिक विज्ञान) शामिल हैं जिन्होंने शोध के माध्यम से न केवल विज्ञान बल्कि मानवता के कल्याण में भी अभूतपूर्व योगदान दिया है। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय वर्ष 1992 से निरंतर देश के सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिकों को सम्मानित कर रहा है और यह गौरव प्राप्त करने वाला देश का एकमात्र विश्वविद्यालय है। चयनित प्रत्येक वैज्ञानिक को सम्मान स्वरूप 2 लाख रुपये नकद, एक स्वर्ण पदक और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। गौरतलब है कि गोयल पुरस्कारों की गौरवशाली परंपरा की नींव 1990 में अमेरिका निवासी प्रवासी भारतीय स्व. राम एस. गोयल ने रखी थी। 3 अप्रैल को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित होने वाले भव्य पुरस्कार सम्मान समारोह में देश भर के दिग्गज वैज्ञानिकों भी उपस्थित होंगे।

प्रो. अनिरूद्धा पंड़ित ने विज्ञान-प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में देश का गौरव बढ़ाया

मुंबई में जन्मे प्रख्यात रासायनिक अभियंता प्रो. अनिरूद्धा बालचन्द्र पंड़ित ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देकर देश का गौरव बढ़ाया है। विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में उनके योगदान ने न केवल भारत को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाई है, बल्कि युवा वैज्ञानिकों के लिए प्रेरणा भी स्थापित की है। 7 दिसंबर 1957 को जन्मे प्रो. पंडित वर्तमान में इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल टेक्नोलॉजी के कुलपति के रूप में कार्यरत हैं, जिसके परिसर मुंबई, जालना और भुवनेश्वर में स्थित हैं। उन्होंने वर्ष 1980 में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय से बीटेक तथा 1984 में यूनिवर्सिटी डिपार्टमेंट ऑफ केमिकल टेक्नोलॉजी (यूडीसीटी) से पीएचडी पूरी की।

खबर संक्षेप

नपा चेयरमैन वीरेंद्र बंसल के भाई का निधन

तरावड़ी। नगरपालिका अध्यक्ष वीरेंद्र बंसल के भाई सुरेंद्र बंसल का अचानक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 19 मार्च को सुबह करीब 10:00 बजे तरावड़ी के शिवपुरी शमशान घाट में होगा। वह कई दिनों से बीमार चल रहे थे, जिनका इलाज गंगाराम हॉस्पिटल में चल रहा था, लेकिन बीमारी के चलते उनका निधन हो गया। उनके निधन पर विधायक भगवानदास कबीरपंथी, पूर्व विधायक धर्मपाल गोंदर, मार्केट कमेटी वाइस चेयरमैन राजीव नारंग, समेत शहर के गणमान्य लोगों ने शोक जताया है।

वाहन चोर गिरफ्तार चार बाइक बरामद

करनाल। जिला पुलिस की एंटी ऑटो व्हीकल थेफ्ट (एएवीटी) स्टाफ टीम ने दुपहिया वाहन चोरी के मामलों में बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की चार मोटरसाइकिलें भी बरामद की हैं, जिनकी कीमत लाखों रुपये आंकी जा रही है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार एएवीटी स्टाफ इंचार्ज उप निरीक्षक विकास कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी अशोक उर्फ मोनी निवासी गांव माजरा रोड़ान को काछवा नहर पुल के पास से काबू किया।

कुवि का 35वां दीक्षांत समारोह 4 अप्रैल को

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का 35 वां वार्षिक दीक्षांत समारोह 4 अप्रैल 2026 को प्रातः 10.00 बजे विश्वविद्यालय परिसर स्थित श्रीमद्भगवद्गीता सदन (ऑडिटोरियम) में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। इस गरिमामय समारोह में वर्ष 2024-25 के करीब 3 हजार विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए उपाधियाँ एवं स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे। यह समारोह विद्यार्थियों के वर्षों के परिश्रम, समर्पण और सफलता का उत्सव है।

नशीला पदार्थ तस्करी में तीन आरोपी गिरफ्तार

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी पर शिकंजा कसते हुए नशीला पदार्थ तस्करी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पएंटी नारकोटिक सेल की टीम ने नशीला पदार्थ रखने के आरोप में महिला आरोपी सेनू देवी वासी भटौली खरोह जिला देवरिया यूपी को भी गिरफ्तार करके उनके कब्जा से 4 किलो 30 ग्राम अफीम बरामद करने में सफलता हासिल की है।

केयू में प्रिंटर्स डे संगोष्ठी का हुआ आयोजन

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी में दो दिवसीय प्रिंटर्स डे राष्ट्रीय संगोष्ठी फ्यूचरिस्टिक इन ट्रेन्ड इन प्रिंटिंग एंड पेकेजिंग विषय पर आयोजित कार्यक्रम का धूमधाम से समापन हुआ। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के डीन एकेडमिक अफेयर प्रो. राकेश कुमार ने अपने अतिथि संबोधन में कहा कि प्रिंटिंग इंडस्ट्री के नवाचार कौशल को विद्यार्थिगण अपने दैनिक जीवन अपनाएं क्योंकि वर्तमान में डिजीटल प्रिंटिंग ए.आई. प्रिंटिंग में तब्दील हो रही है। उन्होंने कहा कि सांईस के इस अत्याधुनिक दौर में नई-नई तकनीक समय के साथ बदलती हैं।

24 की देशव्यापी विशाल रैली के लिए दिया न्योता

थानेसर। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के आह्वान पर भाजपा सरकार की कॉर्पोरेट -सांप्रदायिक परस्त जन विरोधी नीतियों के खिलाफ 24 मार्च नई दिल्ली रामलीला मैदान मे देशव्यापी विशाल रैली की तैयारी में राज्य स्तरीय जन आक्रोश जत्था कुरुक्षेत्र के लाडवा ब्लॉक के गांव बपदा में, थानेसर ब्लॉक के गांव किरमिच व थर्ड गेट कुरुक्षेत्र में पहुंचकर सैकड़ों लोगों को जनसभा कर संबोधित किया। जन आक्रोश जत्थे का नेतृत्व मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव कामरेड प्रेम चंद व केन्द्रीय कमेटी सदस्य कामरेड इन्द्रजीत ने किया।

धार्मिक आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल

मां जगदंबा मंदिर में मेला आज से, भक्ति कार्यक्रमों की रहेगी धूम

31 को रात्रि माता की चौकी का आयोजन होगा, जिसमें सुप्रसिद्ध टीवी कलाकार रैम्पी साज महामाई का गुणगान करेंगे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवरात्रों के पावन अवसर पर रेलवे रोड स्थित मां जगदंबा मंदिर में 62वें विशाल मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना हुआ है। मेले के दौरान मां भगवती की भव्य चौकी, भजन संध्या और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार 31 मार्च 2026 को रात्रि 8:00 बजे माता की चौकी का आयोजन होगा, जिसमें सुप्रसिद्ध टीवी कलाकार रैम्पी साज (दिल्ली) महामाई का गुणगान करेंगे। वहीं बुधवार 1 अप्रैल को प्रातः 10:00 बजे से भजन कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें सुप्रसिद्ध कलाकार अविनाश जोहर (यमुनानगर), हरियाणवी गायक रोहित हरियाणवी तथा निशा जांगड़ा (सोनीपत) अपनी मधुर आवाज से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर करेंगे। इस अवसर पर माता की सुंदर-सुंदर झांकियां भी प्रस्तुत की जाएंगी, जो आकर्षण का केंद्र रहेंगी। साथ ही माता का विशाल भंडारा दोपहर 12:00 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। जगदंबा परिवार की ओर से आसपास के गांवों व शहरवासियों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मां भगवती का आशीर्वाद प्राप्त करें और इस धार्मिक आयोजन का हिस्सा बनें।

भक्ति संगम में गूंजे महावीर के जयकारे

करनाल। इंद्री रोड स्थित घंटाकर्ण महावीर तीर्थस्थल पर कृष्ण चौदस के अवसर पर विशेष कृपा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बीज मंत्र के सामूहिक जाप से हुई, जिसमें जनकल्याण की कामना की गई। इस दौरान मुनि पीयूष ने प्रवचन देते हुए कहा कि घंटाकर्ण महावीर की भक्ति जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और कष्टों से मुक्ति का माध्यम है। उन्होंने कहा कि निष्काम भक्ति से ही सच्चा फल प्राप्त होता है। भक्ति गीतों और भजनों ने माहौल को भावविभोर कर दिया। श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर आशीर्वाद प्राप्त किया। मुनि ने बताया कि घंटाकर्ण महावीर को जैन, हिंदू और बौद्ध परंपराओं में विशेष स्थान प्राप्त है और उन्हें भगवान महावीर का शासन रक्षक देव भी माना जाता है।

अवैध कॉलोनियों पर जिला प्रशासन का बड़ा एक्शन

प्रॉपर्टी डीलर के ऑफिस से लेकर सड़कों तक 5 एकड़ में तोड़फोड़

अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ एफआईआर की चेतावनी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

करनाल। अवैध कॉलोनी पर बुलडोजर चलाते प्रशासनिक अधिकारी।

अवैध कॉलोनियों और निर्माण के खिलाफ जिला प्रशासन ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 5 एकड़ क्षेत्र में फैले अवैध ढांचे ध्वस्त कर दिए। कार्रवाई के दौरान प्रॉपर्टी डीलर के कार्यालय, सड़कों और डीपीसी को पूरी तरह मिटा दिया गया। जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम ने पुलिस बल और ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में यह अभियान चलाया। काछवा-करनाल रोड पर करीब 1.5 एकड़ में विकसित कॉलोनी में बने ढांचे गिराए गए, जबकि गांव सैदपुरा में लगभग 3.5 एकड़ क्षेत्र में बनी कॉलोनी को भी पूरी तरह खत्म कर दिया गया। इसके अलावा गांव पुण्डरक में बने अवैध वेयरहाउस को भी ध्वस्त किया गया। अधिकारियों का कहना है कि अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई भी जारी रहेगी। प्रशासन ने आम जनता को चेताया है कि बिना लाइसेंस और स्वीकृति वाली कॉलोनियों में निवेश न करें, अन्यथा नुकसान की जिम्मेदारी स्वयं की होगी।

पीजी बॉन्ड पॉलिसी पर असमंजस छात्रों ने मांगी लिखित स्पष्टता

बैठक में चर्चा के बावजूद नीति पर कोई ठोस आदेश नहीं

करनाल। हरियाणा चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान निदेशालय द्वारा पीजी बॉन्ड पॉलिसी को लेकर स्टेकहोल्डर्स की बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न मेडिकल कॉलेजों और रोहतक स्थित स्वास्थ्य विश्वविद्यालय के छात्र शामिल हुए। बैठक में वर्तमान पीजी एडमिशन बॉन्ड नीति से जुड़े लंबित मुद्दों और प्रस्तावित पोस्ट-पीजी बॉन्ड फ्रेमवर्क पर चर्चा हुई, लेकिन कोई लिखित आदेश या समयसीमा तय नहीं की गई। छात्र प्रतिनिधियों ने कहा कि चर्चा सकारात्मक रही, लेकिन जब तक नीति का स्पष्ट लिखित ड्राफ्ट जारी नहीं होता, तब तक इसे अंतिम समाधान नहीं माना जा सकता। सेवा अवधि, वेतनमान और कार्यान्वयन जैसे कई अहम मुद्दे अब भी लंबित हैं। इस बीच, संघ लोक सेवा आयोग की संयुक्त चिकित्सा सेवा परीक्षा के लिए आवेदन शुरू हो चुके हैं, जिसकी अंतिम तिथि 31 मार्च है लेकिन कई छात्र आवश्यक दस्तावेज कॉलेजों से न मिलने के कारण आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। इसी तरह, हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज परीक्षा पास कर चुके अभ्यर्थियों को भी स्थायी पंजीकरण में दिक्कतें आ रही हैं। छात्रों ने मांग की कि दस्तावेज जल्द जारी किए जाएं ताकि उनका करियर प्रभावित न हो।

स्मैक तस्करी में दूसरा आरोपी भी गिरफ्तार

- महिला आरोपी की पूछताछ में हुआ खुलासा, नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

जिले में नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एंटी नारकोटिक्स सेल को एक और सफलता मिली है। 16 ग्राम स्मैक बरामदगी के मामले में पुलिस ने दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज उप निरीक्षक हिम्मत सिंह के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई करते हुए दीपक निवासी धक्का बस्ती, गांधीनगर (जिला कुरुक्षेत्र) को गिरफ्तार किया। उल्लेखनीय है कि इस मामले में पहले एक महिला आरोपी को 16 ग्राम स्मैक के साथ काबू किया गया था। पूछताछ के दौरान महिला आरोपी ने खुलासा किया कि इस अवैध नशा तस्करी में दीपक उसका सहयोगी है, जिसके आधार पर थाना इंद्री में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को पकड़ने के लिए कई स्थानों पर दबिश दी और अंततः उसे गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

पुलिस के अनुसार आरोपी से पूछताछ जारी है और उससे नशा तस्करी के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिलने की संभावना है। अधिकारियों का कहना है कि इस मामले में जल्द ही और गिरफ्तारियां भी हो सकती हैं।

करनाल। स्मैक तस्करी मामले में गिरफ्तार आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

करियर और इंटरव्यू स्किल्स विषय पर कार्यशाला, छात्रों को मिली नई दिशा

- विशेषज्ञ बोलीं— पारंपरिक के साथ नए क्षेत्रों में भी अपार अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

करनाल। ऑनलाइन कार्यशाला में जुड़कर जानकारी लेते विद्यार्थी।

उच्च शिक्षा के बाद करियर विकल्पों को लेकर विद्यार्थियों की उलझन दूर करने के लिए गुरु नानक खालसा कॉलेज के वाणिज्य विभाग ने एक दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के सहयोग से विद्यार्थियों को करियर की नई संभावनाओं और इंटरव्यू की तैयारी के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। मुख्य वक्ता डॉ. रश्मि ने कहा कि आज के दौर में केवल पारंपरिक करियर विकल्पों तक सीमित रहना पर्याप्त नहीं है, बल्कि डिजिटल, प्रबंधन, स्टार्टअप और उद्यमिता जैसे क्षेत्रों में भी तेजी से अवसर बढ़ रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे अपनी रुचि के अनुसार लक्ष्य तय करें और लगातार कौशल विकास पर ध्यान दें। इंटरव्यू में सफलता के लिए आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच, स्पष्ट संवाद और विषय की मजबूत पकड़ को जरूरी बताया गया।

ट्रैक्टर अनुदान योजना में 20 को फिजिकल वेरिफिकेशन

- चयनित किसानों को ट्रैक्टर सहित अनाज मंडी असंध में पहुंचना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

ट्रैक्टर अनुदान योजना के तहत गड़बड़ियों की संभावना को खत्म करने के लिए कृषि विभाग अब भौतिक सत्यापन करने जा रहा है। उप कृषि निदेशक डॉ. वजीर सिंह ने बताया कि चयनित किसानों के ट्रैक्टरों का फिजिकल वेरिफिकेशन 20 मार्च को नई अनाज मंडी असंध में किया जाएगा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल वही किसान इस प्रक्रिया में शामिल होंगे जिन्होंने निर्धारित तिथि तक ट्रैक्टर खरीदकर बिल व दस्तावेज पोर्टल पर अपलोड किए हैं। किसानों को अपने ट्रैक्टर के साथ निर्धारित समय पर पहुंचना अनिवार्य होगा, अन्यथा उनका केस लंबित रह सकता है।

विभाग के अनुसार योजना के तहत अनुसूचित जाति वर्ग के पात्र किसानों का चयन ऑनलाइन ड्रा के माध्यम से किया गया था। सत्यापन के बाद ही अनुदान की राशि जारी की जाएगी। अधिकारियों ने किसानों से अपील की है कि वे समय का पालन करें और सभी आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर ट्रैक्टर सहित अनाज मंडी असंध में आएं, ताकि प्रक्रिया में किसी प्रकार की देरी न हो।

राज्यसभा चुनाव पर सियासत गरम गद्दारों के नाम होंगे उजागर : दीपेंद्र

- भाजपा पर अनैतिक हथकंडों का आरोप, क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायकों पर कार्रवाई के संकेत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

इंद्री में आयोजित जनसभा के दौरान कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने राज्यसभा चुनाव को लेकर भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि चुनाव में "साम, दाम, दंड, भेद" की नीति अपनाई गई और कांग्रेस विधायकों को प्रभावित करने की कोशिश की गई। हुड्डा ने कहा कि पार्टी के पांच विधायकों द्वारा क्रॉस वोटिंग किए जाने की रिपोर्ट हाईकमान को भेज दी गई है और जल्द ही इन नेताओं के नाम सार्वजनिक किए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी स्तर पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस उम्मीदवार कर्मवीर बौद्ध को हराने के लिए सत्ता का दुरुपयोग किया गया। गरीब पृष्ठभूमि से आने वाले उम्मीदवार को रोकने के लिए बड़े स्तर पर साजिश रची गई। हुड्डा ने कहा कि भाजपा नेताओं द्वारा विधायकों को फोन कर ऑफर दिए गए, खरीद-फरोख्त की कोशिश हुई और कई मामलों में दबाव भी बनाया गया।

राजपूत महासभा करनाल के चुनाव 19 अप्रैल को होंगे

- नामांकन से मतदान तक की पूरी प्रक्रिया तय, पदों के लिए बढ़ेगी सरगर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

महाराणा प्रताप स्मृति भवन समिति (राजपूत महासभा, करनाल) के बहुप्रतीक्षित चुनाव 19 अप्रैल 2026 को आयोजित किए जाएंगे। चुनाव की घोषणा के साथ ही समिति के सदस्यों और संभावित उम्मीदवारों के बीच हलचल तेज हो गई है। निर्वाचन अधिकारी बीरसिंह (सेवानिवृत्त प्रिंसिपल) ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराई जाएगी। इसके तहत अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महासचिव और कोषाध्यक्ष जैसे प्रमुख पदों के लिए मतदान होगा। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया 3 और 4 अप्रैल को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगी। इसके बाद 5 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी, जबकि 6 और 7 अप्रैल को उम्मीदवार अपने नाम वापस ले सकेंगे। मतदान 19 अप्रैल को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। मतदान के लिए सभी आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। निर्वाचन अधिकारी ने सभी सदस्यों से अपील की है कि वे शांतिपूर्ण माहौल में लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा बनें और अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें।

माताजी को श्रद्धांजलि देने के लिए कई मंत्री-विधायक भी पहुंचे

विस सत्र की समाप्ति के बाद घर लौटे स्पीकर कल्याण

हरविंद्र कल्याण की माता प्रेम कौर कल्याण का निधन 13 मार्च को हो गया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण की माताजी प्रेम कौर कल्याण को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए पिछले पांच दिनों से लोगों का तांता लगा हुआ है।

बड़ी संख्या में राजनीतिक, सामाजिक व धार्मिक क्षेत्र के लोगों ने कुटेल स्थित कल्याण फार्म पर पहुंचकर स्पीकर हरविंद्र कल्याण की माताजी के निधन पर शोक जताया है। विस अध्यक्ष जो बजट सत्र के चलते माताजी के अस्थि विसर्जन के बाद चंडीगढ़ रवाना हो गए थे, आज शाम वापस घर लौट आए हैं। ज्ञातव्य है कि स्पीकर हरविंद्र कल्याण की माता प्रेम कौर कल्याण का निधन 13 मार्च की देर रात हो गया था। उनके निधन के शोक में डूबे उनके सुपुत्र विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने दोहरी जिम्मेदारी का निर्वहन कर काम के प्रति समर्पण की मिसाल पेश की।

उन्होंने न केवल प्रदेश भर से संवेदना व्यक्त करने आ रहे लोगों और मंत्रियों, विधायकों, पक्ष, विपक्ष के नेताओ व क्षेत्र की जनता को संभाला बल्कि मां के अस्थि विसर्जन के बाद विधानसभा के बजट सत्र का कार्यभार संभाला। इस दौरान उन्होंने राज्य सभा के लिए वोटिंग भी की। इस अहसहनीय दुख के बावजूद उनकी काम के प्रति सच्ची लगन एक बड़ा उदाहरण बन गई है।

इन्होंने जताया शोक

इस मौके पर सरकार के मंत्रियों के साथ साथ विभिन्न दलों के विधायक भी कल्याण फार्म पर शोक व्यक्त करने पहुंचे। इनमें मुख्य रूप से कैबिनेट मंत्री राव नरबीर, इंद्रनील नायक राज्य मंत्री महाराष्ट्र सरकार, सावित्री जिंदल विधायक, पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यन्त चौटाला, रणजीत सिंह चौटाला पूर्व कैबिनेट मंत्री, रामपाल माजरा इनेलो प्रदेश अध्यक्ष, रघबीर तेवतिया विधायक, चौधरी कुलदीप शर्मा पूर्व स्पीकर, सुल्तान जड़ोला पूर्व संसदीय सचिव, धर्मपाल मलिक पूर्व विधायक शामिल रहे।

डेटा की शुद्धता और समयबद्धता दोनों बेहद जरूरी

डिजिटल क्रॉप सर्वे में देरी पर सख्ती, एडीसी ने दिए निर्देश

- लघु सचिवालय के सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

जिले में डिजिटल क्रॉप सर्वे और ई-गिरदावरी के कार्य में ढिलाई को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। अतिरिक्त उपायुक्त योगेश कुमार मेहता ने अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी दी कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही सामने आई तो जिम्मेदारी तय की जाएगी। लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान एडीसी ने कहा कि यह कार्य सीधे किसानों को मिलने वाली सरकारी योजनाओं, मुआवजा और फसल संबंधी रिकॉर्ड से जुड़ा है। ऐसे में डेटा की शुद्धता और समयबद्धता दोनों बेहद जरूरी हैं।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फील्ड स्तर पर कार्यरत टीमों के साथ लगातार संपर्क बनाए रखें और रोजाना प्रगति की निगरानी करें। जहां भी तकनीकी या प्रशासनिक दिक्कत आ रही हो, उसे तुरंत दूर किया जाए। बैठक से पहले वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य स्तर से भी सभी जिलों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में राजस्व व कृषि विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

कोर्ट ने हत्यारोपी को जेल भेजा

पानीपत। सीआईए श्री पुलिस टीम ने नूरवाला के विजय नगर निवासी विशाल की हत्या मामले में गिरफ्तार चारों आरोपियों गंगाराम कॉलोनी निवासी मानव उर्फ कुश, भौला चौक निवासी दीपक और ज्योति कॉलोनी निवासी सुकांत उर्फ सक्कू व अभिषेक उर्फ विजय के कब्जे से रिमांड के दौरान वारदात में प्रयुक्त एक चाकू, एक सूआ, एक बाइक व तीन ईंट बरामद की है। वहीं, कोर्ट ने आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

आर्य पीजी कॉलेज में सांग महोत्सव आज से

पानीपत। आर्य पीजी कॉलेज में 19 मार्च से चार दिवसीय श्रत्नावली युवा सांग महोत्सव का शुभारंभ होने जा रहा है। 22 मार्च तक चलने वाले इस महोत्सव में हरियाणा की लुप्त होती लोक कला सांग के विभिन्न रंग देखने को मिलेंगे। प्राचार्य डॉ.प्रो.जगदीश ने बताया कि पंडित लखमीचंद, बाजे भगत, दीपचंद ब्राह्मण, पंडित मांगे राम, चंद्र लाल जैसे दिग्गज सांगियों द्वारा रचित कालजयी सांगों का मंचन विद्यार्थियों द्वारा किया जाएगा।

कंचन को मिला हिंदी गौरव

पानीपत। अंतरराष्ट्रीय साहित्य अर्पण दुबई द्वारा प्रतिवर्ष राष्ट्र भाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार और हिन्दी साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के वाले रचनाकारों, लेखकों और शिक्षाविदों, प्रकाशकों, गीतकारों और उद्घोषकों को हिन्दी गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाता है। इसी क्रम में मंच की सीईओ दुबई में रहने वाली नेहा शर्मा द्वारा हिन्दी की विभिन्न विधाओं में उल्लेखनीय कार्य करने वाले साहित्यकार कंचन सागर को भी इस सम्मान से अलंकृत किया गया। वहीं साहित्य प्रेमियों ने खुशी व्यक्त करते हुए कंचन सागर की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी। जबकि कंचन सागर ने नेहा शर्मा एवं समस्त कार्यकारिणी समूह साहित्य अर्पण मंच का आभार व्यक्त किया।

पीएम सूर्य में मिलेगी सब्सिडी

पानीपत। उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र दहिया ने बताया कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा आमजन को स्वच्छ एवं सस्ती ऊर्जा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त योजना क्रियान्वित की जा रही है। इस योजना के तहत पात्र परिवारों को रूफ टॉप सोलर पैनल लगाने पर आकर्षक सब्सिडी प्रदान की जा रही है। वहीं, केंद्र सरकार द्वारा 60 हजार रुपये तथा राज्य सरकार द्वारा 50 हजार रुपये की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। लाभार्थियों को कुल 1.10 लाख रुपये की सब्सिडी का लाभ मिलेगा।

बस की टक्कर से नर्स घायल

पानीपत। पानीपत पुलिस लाइन के पास गलत दिशा से आ रही तेज रफ्तार स्कूल बस ने ड्यूटी पर जा रही नर्स पूजा निवासी गांव नौल्था को टक्कर मार दी। हादसे में पूजा घायल हो गई। पूजा को रहगिरी प्रवीण निवासी गांव दीवाना जिला पानीपत ने अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इधर, औद्योगिक हुडा सेक्टर 29 थाना पुलिस ने बस चालक अमरजीत उर्फ मिंटू निवासी गांव अदियाना जिला पानीपत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

चोरी की आरोपी दो महिला पकड़ी

पानीपत। सीआईए श्री पुलिस टीम ने बिशन स्वरूप कॉलोनी में नरेश की इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफास कर मंगलवार को गिरोह की दो महिलाओं सोनीपत की दहिया कॉलोनी निवासी कौशल्या व माला को गिरफ्तार किया है। थानेदार विजय ने बताया कि दोनों आरोपी महिलाओं को न्यायालय में पेश किया दो दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपियों से इनकी साथी आरोपी महिलाओं के ठिकानों का पता लगा काबू करने व चोरी का सामान बेचकर हासिल की नकदी बरामद करने का प्रयास करेगी। वहीं, इस मामले में थाना शहर में भगत नगर तहसील कैंप निवासी नरेश की शिकायत पर केस दर्ज है।

अवैध कॉलोनियों में प्लाट न खरीदने की अपील

अनाधिकृत निर्माणों व कॉलोनियों पर चला विभाग का पीला पंजा

जिला योजनाकार विभाग की जेसीबी, अनाधिकृत निर्माणों व कालोनियों को गिराते हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

■ चार अनाधिकृत निर्माणों और पांच अनाधिकृत कालोनियों को ध्वस्त किया

जिला योजनाकार विभाग की ओर से बुधवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान सफलतापूर्वक चलाया गया, जिसमें चार अनाधिकृत निर्माणों और पांच अनाधिकृत कालोनियों को ध्वस्त किया गया। इन कॉलोनियों में निर्माणाधीन मकान, 10 डीपीसी (नींव), संपूर्ण कच्ची सड़क नेटवर्क और सीमांकन शामिल थे, जिन्हें चार जेसीबी मशीनों की सहायता से हटाया गया। यह कार्रवाई भैंसवाल, सिवाह खेड़ी, उग्राखेड़ी, मखदूमजादगान, रिसालू, जलपाड़, बेरहामपुर और कुराड गांवों के राजस्व क्षेत्र में की गई, जो तहसील पानीपत और बापौली के अंतर्गत आते हैं। इस क्षेत्र का कुल क्षेत्रफल लगभग 37 एकड़ है। वहीं, विभाग की ओर से जनता से अपील की गई कि अवैध कालोनियों में प्लाट न खरीदे। दूसरी ओर, अवैध कालोनियों को कटने नहीं दिया जाएगा, ऐसा करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

जिसका चरित्र खराब न हो उसके पास बैठना चाहिए व वाणी सुननी चाहिए

चरित्रवान बन मानवता की सेवा करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत। स्वामी दयानंद सरस्वती, समाजसेवियों को सम्मानित करते हुए।

श्री संत द्वारा हरि मंदिर सेठी चौक में नव विक्रमी सम्वत 2083 के उपलक्ष्य पर श्री 1008 स्वामी दयानन्द सरस्वती महाराज मुरथल वाले की अध्यक्षता में चार दिवसीय संत समागम कार्यक्रम के तीसरे दिन महाराज श्री ने प्रवचन करते हुए कहा कि यदि हमें मंजिल पर पहुंचना है तो सबसे पहले प्रथम सीढ़ी पर पांव रखते हैं क्योंकि यदि एकदम से आखिरी सीढ़ी पर पांव रखने की कोशिश करेंगे तो गिर जायेंगे। इसी प्रकार परमात्मा को पाने की पहली सीढ़ी है मानस यानि मन, रामचरितमानस में भी लिखा है निर्मल जन सो मोही पावा, मोहि कपट छल छिद्र न भावा। जिसका मानस ठीक हो जायेगा उसका चरित्र ठीक हो जायेगा। जिसका चरित्र खराब न हो उसके पास बैठना चाहिए न उसकी वाणी सुननी चाहिए। इस अवसर ब्रह्मर्षि श्रीनाथ जी महाराज, प्रधान रमेश चुघ, पवन चुघ, हरनाम चुघ, उत्तम आहूजा, ईश्वर लाल रामदेव, किशोर रामदेव, दर्शन रामदेव, अमन रामदेव, धर्मवीर नन्दवानी, ओमी चुघ, मोहन लाल जुनेजा, कर्म सिंह रामदेव, गोल्डी बांगा, अमर वधवा, सुरेन्द्र जुनेजा, हरनारायण जुनेजा, अमर सपड़ा, जयदयाल तनेजा, सतीश रेवड़ी, सतपाल जुनेजा, रामलाल जुनेजा व श्याम लाल सपड़ा आदि उपस्थित रहे।

स्वच्छ जल उपलब्ध कराना प्रशासनिक प्राथमिकता व जिम्मेदारी: डॉ. वीरेंद्र

पानीपत। जल व स्वच्छता मिशन पर बैठक करते हुए उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया।

पानीपत। पानीपत। जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की महत्वपूर्ण बैठक जिला सचिवालय के प्रथम तल स्थित कांफ्रेंस हॉल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने की। बैठक में जल आपूर्ति, गुणवत्ता, संरक्षण और प्रबंधन से जुड़े सभी अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। डीसी डॉ.वीरेंद्र दहिया ने कहा कि जिले के प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध करवाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में एजेंडा के सभी बिंदुओं पर क्रमवार समीक्षा की गई। इस मौके पर कृषि विभाग के डिप्टी डायरेक्टर प्रवीण गुलिया, सीएमओ विजय मलिक, बीडीपीओ शक्ति सिंह, डीपीआरओ डॉ. सुनील बसताडा, पब्लिक हेल्थ के कार्यकारी अभियंता करण बहल, जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा व एसडीओ वीरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

ग्राहक पंचायत दिवस मनाया

पानीपत। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय ग्राहक दिवस के अवसर पर प्रबुद्धजन गोष्ठी कार्यक्रम आईबी पीजी कॉलेज में हुआ। मंच संचालन जिला सचिव सतबीर आर्य ने किया। संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा, भ्रामक विज्ञापन, ऑनलाइन फ्रॉड और जागरूकता के लिए समर्पित रहा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष नारायण शाह, सतीश गोयल, प्रदीप बंसल, एलसी चौहान, नवीन जैन, डॉ.रामबाबू यादव, डॉ.डीके शर्मा, मुनेश शर्मा, प्रमोद कुमार, राजेश, विकास, डॉ.अलका, भगवान सिंह, गुरुदत्त, विजय अरोड़ा, राजेश सैनी, राजेश, सतबीर, सूरजभान आदि उपस्थित रहे।

राज्य स्तरीय यूथ व रेडक्रॉस शिविर में आर्य कॉलेज का उत्कृष्ट प्रदर्शन

मानवता की निष्काम सेवा करें विद्यार्थी: डॉ. गुप्ता

■ प्राचार्य प्रो .डॉ .जगदीश गुप्ता ने विजेता प्रतिभागियों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत। आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता के साथ विजेता विद्यार्थी।

कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरूक्षेत्र की यूथ एंड रेड क्रॉस इकाई द्वारा पांच दिवसीय राज्य स्तरीय यूथ एवं रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन राजस्थान के उदयपुर स्थित राजस्थान कॉलेज ऑफ ऐग्रिकल्चर में करवाया गया। शिविर में आर्य कॉलेज के विद्यार्थियों ने भाग लेकर विभिन्न प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए ट्रॉफी व मेडल अपने नाम किए। कॉलेज प्राचार्य प्रो.डॉ.जगदीश गुप्ता ने विजेता प्रतिभागियों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की व साथ ही कॉलेज की वाईआरसी इकाई के प्रभारी डॉ.विजय सिंह व उनकी पूरी टीम को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। प्राचार्य प्रो.डॉ.जगदीश गुप्ता ने बताया कि कॉलेज की मनोविज्ञान की प्रध्यापिका खुशबू वर्मा के सानिध्य में कॉलेज के विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया। जनसंचार विभाग के द्वितीय वर्ष के छात्र पुनीत किराडिय़ा ने भाषण प्रतियोगिता में द्वितीय, बीए द्वितीय वर्ष के छात्र मोंटी ने नृत्य प्रतियोगिता में सांत्वना पुरस्कार, साथ ही छह विद्यार्थियों को अच्छे स्वयंसेवक बनने पर मेडल भी दिए गए। इस अवसर पर वाईआरसी इकाई के प्रभारी डॉ.विजय सिंह, प्राध्यापिका खुशबू वर्मा आदि मौजूद रहें।

बौद्ध के सांसद निर्वाचित होने पर मिठाई बांटी

पानीपत। पानीपत के असंध रोड फ्लाईओवर के नीचे स्थित सतबीर बामनिया के कार्यालय में हरियाणा से कांग्रेस पार्टी के राज्यसभा सांसद उम्मीदवार कर्मवीर बौद्ध की जीत के उपलक्ष्य में कांग्रेसियों ने लड्डू बांटकर खुशी व्यक्त की गई। अध्यक्षता करते हुए कांग्रेस नेता डॉ.ओमवीर सिंह पंवार ने कहा कि कर्मवीर बौद्ध की यह जीत केवल एक राजनीतिक उपलब्धि नहीं, बल्कि उन करोड़ों वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों की आशाओं की जीत है जो वर्षों से अपने अधिकारों और सम्मान के लिए संघर्षरत हैं। इस अवसर पर राजबीर पूनिया, सतबीर बामनिया, राजपाल मांडी, सत्यपाल जांगड़ा, मदन पंवार, सतपाल मैनेजर, अधिवक्ता लहरी सिंह राठी, आनन्द कुमार, बंशीधर, ओमप्रकाश, रोहताश , कपूरचंद, रामकिशन प्रधान आदि मुख्यरूप से मौजूद रहे।

नशे के विरुद्ध लोगों को जागरूक किया

पानीपत। पानीपत पुलिस जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में विशेष जागरूकता अभियान चलाए हुए है। इसी कड़ी में जिला पुलिस की नशा मुक्त अभियान की टीम ने बुधवार को जीतगढ़ न दरियापुर गांव में डोर टू डोर जाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभाव की जानकारी देकर जागरूक किया। पुलिस टीम ने इस दौरान नशे के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान बारे विस्तार से बताया। पुलिस टीम ने कहा कि नशा शरीर, परिवार और समाज का सबसे बड़ा दुश्मन है। यह युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेल देता है, इसलिए सभी को नशे से दूर रहना चाहिए।

मन की कमजोरी नहीं है अवसाद: विनोद

पानीपत। एसडी पीजी कॉलेज में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सात दिवसीय विशेष एनएसएस कैंप के पांचवें दिन रोशन लाल सचदेवा पूर्व मैनेजर पंजाब नेशनल बैंक द्वारा साइबर क्राइम जागरूकता और सोनिया फस्ट ऐड ट्रेनर द्वारा फस्ट ऐड एवं सीपी आर कैसे दे विषयों पर व्यावहारिक ज्ञान स्वयंसेवकों को दिया गया। दोपहर के सत्र में विनोद कुमार और अतुल कुमार काउंसलर मानसिक रोग विभाग सिविल हॉस्पिटल ने उतेजना और अवसाद से कैसे बचे विषय पर दिए बताया। मेहमानों का स्वागत प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा, एनएसएस प्रोग्राम अधिकारी डॉ.राकेश गर्ग और डॉ.संतोष कुमारी ने पौधे रोपित गमलें भेंट करके किया। रोशन लाल सचदेवा ने कहा कि यदि ओटीपी की मदद से कोई हमारे पैसे निकाल ले तो हमें बिना वक्त गवाएं 1930 साइबर हेल्प लाइन नंबर पर कॉल करनी चाहिए। सोनिया ने एनएसएस कार्यकर्ताओं को फस्ट ऐड के गुर सिखाते हुए कहा कि प्राथमिक चिकित्सा दम घुटने, हृदय गति रूकने, खून बहने, शरीर में जहर के होने, जल जाने, हीट स्ट्रोक, बेहोश या कोमा की स्थिति में, मोच, हड्डी टूटने और जानवर के काटने पर दी जाती है। प्राथमिक चिकित्सा के उद्देश्य घायल व्यक्ति की जान बचाना है।

डीपीआर ने सरकारी योजनाओं का भजन गाकर प्रचार प्रसार किया

सरकारी योजनाओं का लाभ ले पात्र जनता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

पानीपत। डीपीआर की टीम सरकारी योजनाओं का प्रचार करते हुए।

सूचना, जन संपर्क एवं भाषा विभाग की भजन मंडली के कलाकारों द्वारा आज जिले के गांव डिकाडला व हथवाला में ग्रामीणों को जल संरक्षण, स्वच्छता, नशामुक्त, पौधरोपण, बेटी बचाओ -बेटी पढ़ाओं बारे जागरूक किया गया। विभाग के कलाकारों ने विकासात्मक गीतों व भजनों के माध्यम से जागरूक किया ताकि नागरिक योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठा सकें। जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी सुनील बस्ताड़ा ने बताया कि विभाग की भजन मंडली के पार्टी लीडर श्रीपाल व अन्य सदस्यों ने गांव डिकाडला व हथवाला में विकासात्मक गीतों व भजनों के माध्यम से बताया कि राज्य व केंद्र सरकार द्वारा जनहित में क्रियान्वित की जा रही योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार करने के लिए विशेष प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। इन कार्यक्रमों के दौरान आमजन मानस को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं, मेरी फसल-मेरा ब्योरा, बागवानी, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, कृषि यंत्र अनुदान योजना, जल संरक्षण, पौधरोपण सहित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है।

दो ट्रक टकराए, आग लगी, जीटी रोड पर जाम

पानीपत। पानीपत में जीटी रोड पर दिल्ली से करनाल जा रही लेन पर कंटेनर का टायर फटने गया और वह अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक में पीछे से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कंटेनर के कैबिन में भीषण आग लग गई। कंटेनर व ट्रक के चालकों व खलासी ने अपने वाहनों से कूद कर अपनी जान बचाई। दो वाहनों की टक्कर व आगजनी के चलते करनाल लेन पर यातायात जाम हो गया।घटना की सूचना मिलने पर पुलिस व दमकल मौके पर पहुंची और आग को काबू करने का कार्य चालू किया। पुलिस ने चंडीगढ वाली लेन से करनाल लेन का यातायात एक लेन में सुचारू करवाया। आग काबू होने के बाद दोनों वाहनों को सड़क किनारे कर करनाल लेन पर यातायात सुचारू किया गया।

कार्यक्रम | आईबी पीजी कॉलेज में एक्सपर्ट टॉक का हुआ आयोजन

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर करियर बनाएं विद्यार्थी: डॉ. सिंह

डॉ.अर्पणा व अन्य स्टाफ सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आईबी पीजी कॉलेज के प्लेसमेंट एवं करियर गाइडेंस सेल द्वारा चितकारा यूनिवर्सिटी और मेधा लर्निंग फाउंडेशन के सहयोग से एक्सपर्ट टॉक का आयोजन किया गया। विषय अर्न इन डॉलर्स एंड स्पेंड इन रुपीस रहा। जिसमें विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर करियर बनाने के तरीके सिखाए गए। कॉलेज के प्राचार्य डॉ.सतवीर सिंह, प्लेसमेंट सेल की संयोजिका डॉ.अर्पणा और अन्य स्टाफ सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया। मंच संचालन सहायक प्राध्यापिका खुशबू ने किया। प्राचार्य डॉ.सतवीर सिंह ने कहा कि आज के वैश्विक युग में अवसर केवल स्थानीय स्तर तक सीमित नहीं हैं। हमारे छात्रों में वह प्रतिभा है कि वे वैश्विक पटल पर अपनी पहचान बना सकें। कार्यक्रम में डॉ.निधान सिंह, सहायक प्रो.पवन कुमार, माधवी, प्रीति एवं मेधा से निधि उपस्थित रहे।

पानीपत। आईबी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सतवीर सिंह अतिथियों को स्मृति चिंह भेंट करते हुए। फोटो : हरिभूमि

कार्यालय तहसीलदार-कम-सयुक्त सब-रजिस्टार पानीपत !

श्रीमति मीनाक्षी पुत्री श्री इन्द्रदत्त शर्मा निवसी मकान नम्बर 451-एल माडल टाउन पानीपत

बनाम

जनरल पब्लिक !

हर आम व खास को सुचित किया जाता है श्रीमति मीनाक्षी पुत्री श्री इन्द्र दत्त शर्मा निवासी मकान नम्बर 451-एल माडल टाउन पानीपत ने वारसान तसदीक हेतू पेश किया है जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता इन्द्रदत्त शर्मा पुत्र श्री राम चन्द्र निवासी मकान नम्बर 451-एल माडल टाउन पानीपत की दिनांक 11/5/2021 व माता श्रीमति सुनेहरी शर्मा को मृत्यु हो चुकी है- मृतक इन्द्रदत्त शर्मा की माता श्रीमति बोहती देवी की काफी अरसा पहले मृत्यू हो चुकी है- यह कि इन्द्र दत्त शर्मा की मृत्यू उपरान्त उनके निम्न वारिस / उत्तराधिकारी दर्शाये गये है हल्का पटवारी एवं नगर पार्षद तरूण गांधी वार्ड-20 द्वारा अपनी रिर्पोट में इन्ही वारसान की तसदीक की गई है 1- संदीप शर्मा पुत्र 2 शेखर शर्मा पुत्र 3- सतीश शर्मा पुत्र 4 श्रीमति मीनाक्षी पुत्री है मृतक का अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नही है इनके इलावा मृतक इन्द्रदत्त शर्मा का अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नहीं है इसलिए हर आम के खास को इस नोटिस / इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बतायेगठ्ठ वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वयं / अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-अन्दर उपरोक्त कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा ! यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 17-03-2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया है!

तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार, पानीपत

न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत

राहुल नारंग सुपुत्र स्व. श्री टेक चंद नारंग निवासी मकान नंम्बर 599, वॉर्ड न. 07, अमर भवन चौक, तहसील व जिला पानीपत।

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सुचित किया जाता है कि राहुल नारंग सुपुत्र स्व. श्री टेक चंद नारंग निवासी मकान नंम्बर 599, वॉर्ड न. 07, अमर भवन चौक, तहसील व जिला पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतु इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता स्व श्री टेक चंद सुपुत्र दयाल दास निवासी मकान नंम्बर 599, वॉर्ड न. 07, अमर भवन चौक, तहसील व जिला पानीपत एक जायदाद मकान न. 599 राम नगर जो 167.06 वर्गगज में से 1/2 हिस्सा बरूए वसीका नम्बर 6985 दिनांक 11/01/1990 के मालिक व काबिज थे व टेक चंद सुपुत्र दयाल दास का दिनांक 03/08/2004 को स्वर्गवास हो चुका है। प्रार्थी की दादी हुक्म बाई का स्वर्गवास दिनांक 25/05/1996 को हो चुका है। जिसकी रिपोर्ट पार्षद नवल चिन्दल व सुभाष हल्का पटवारी से करवा दी दी गई है जो कि साथ सलंग्न है। उनके निम्न वारिस उत्तराधिकारी है:- 1- उषा रानी (विधवा) 2- माहि रेवरी 3- खुशबु नारंग 4-ज्याति 5-सोनिया पवार सुपत्रीयान स्व श्री टेक चंद 6- राहुल नारंग 7-कुनाल नारंग सुपुत्रयान स्व श्री टेक चंद इनके अलावा मृतक का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बन्ध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तिहार/नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर-अन्दर उपरोक्त कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा। यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 12/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया है।

तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार, पानीपत

न्यायालय तहसीलदार-कम-संयुक्त सब रजिस्ट्रार, पानीपत।

श्रीमती चन्द्रो देवी पत्नी श्री हरि किशन निवासी मकान नं. 622, गली नं. 7, आजाद नगर, तह. व जिला पानीपत।

बनाम जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि श्री हरि किशन पुत्र श्री सुखदेव निवासी मकान नं. 622, गली नं. 7, आजाद नगर, तह0 व जिला पानीपत ने दस्तावेज बाबत जायदाद को परिवर्तित करने हेतु इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है।

यह कि प्रार्थी की पत्नी श्रीमती चन्द्रो देवी पत्नी श्री हरि किशन का देहान्त दिनांक 29/09/2020 को हो चुका है उक्त की मृत्यु उपरान्त उनके निम्न वारिस / उत्तराधिकारी दर्शाये गये हैं। पटवारी हल्का तथा निगम पार्षद द्वारा भी अपनी रिपोर्ट में इन्हीं वारिसान की तस्दीक की गई है।

यह है कि प्रार्थी की पत्नी श्रीमती चन्द्रो देवी पत्नी श्री हरि किशन का देहान्त दिनांक 29/09/2020 को हो चुका है। यह है कि प्रार्थी की पत्नी श्रीमती चन्द्रो देवी पत्नी श्री हरि किशन के देहान्त के बाद 6 ही जायज वारिस हैं :-1. राजबाला (पुत्री) 2. सरोज (पुत्री) 3. मुकेश (पुत्र) 4. रामेश्वर (पुत्र) 5. मनीष (पुत्र) 6. सुभाष (पुत्र) लेट श्रीमती चन्द्रो देवी पत्नी श्री हरि किशन के हैं।

यह है कि स्व0 श्री सुभाष पुत्र श्री हरिकिशन की मृत्यु दिनांक 02/09/2003 को हो चुकी है। यह है स्व0 श्री सुभाष पुत्र श्री हरिकिशन की मृत्यु उपरान्त 3 ही जायज वारिस हैं :- 1. बबीता (विधवा सुभाष) 2. मोनिका (पुत्री सुभाष) 3. अमित (पुत्र सुभाष) लेट श्री सुभाष पुत्र श्री हरिकिशन के हैं इनके अलावा अन्य कोई वारिस नही है।

इनके अलावा मृतक का अन्य कोई भी वारिस नही है। जिसके सम्बन्ध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिसों के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं / अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 17/3/26 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

तहसीलदार-कम-संयुक्त सब रजिस्ट्रार, पानीपत

न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत

राघव पुत्र श्री विजय कुमार निवासी मकान मौहल्ला नम्बर 121/2, कमला गली परमहंस कुटिया के पास कार्यस्थान मौहल्ला पानीपत।

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सुचित किया जाता है कि राघव पुत्र श्री विजय कुमार, निवासी मकान नम्बर 121/2, कमला गली परमहंस कुटिया के पास, कार्यस्थान मौहल्ला, पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमे स्पष्ट रूप से बताया गया है कि राजेश कुमार पुत्र श्री चिमन लाल की दिनांक 10-06-2024 को हो चुकी है। राजेश कुमार पुत्र श्री चिमन लाल की माता दर्शना रानी की मृत्यु 15-11-2017 में हो चुकी है राजेश कुमार अविवाहित थे। राजेश कुमार की मृत्यु के बाद निम्नलिखित / उतराधिकारी है:- 1- विजय कुमार भाई, 2- शशी बाला बहन इनके इलावा मृतक श्री राजेश कुमार पुत्र श्री चिमन लाल का अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नही है। जिसके सम्बंध मे प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंवम इतराज हो तो वह स्वंय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर - अन्दर इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है, अन्यथा उपरोक्त तथ्यो के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जावेगा। यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनाक 06-02-2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार, पानीपत

विक्रम संवत 2083 प्रारंभ : जानें क्या है खास गुरु-मंगल की जोड़ी किसका करेगी बेड़ा पार

गुरुवार से 2026 से हिंदू नववर्ष यानी विक्रम संवत 2083 का शुभारंभ होने जा रहा है। यह पावन दिन हर वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से शुरू होता है और इसी के साथ भारतीय नवसंवत्सर की शुरुआत मानी जाती है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार इस वर्ष के राजा देवगुरु बृहस्पति और मंत्री मंगल होंगे, जबकि इस संवत का नाम 'रौद्र संवत्सर' रखा गया है। हिंदू नववर्ष सनातन परंपरा का बेहद महत्वपूर्ण पर्व है। मान्यता है कि इसी दिन सृष्टि की रचना का आरंभ हुआ था, इसलिए यह दिन नए कार्यों, संकल्पों और शुभ शुरुआत के लिए अत्यंत फलदायी माना जाता है। इसी दिन से विक्रम संवत की शुरुआत होती है, जिसे सम्राट विक्रमादित्य द्वारा स्थापित किया गया था और यह ग्रेगोरियन कैलेंडर से लगभग 57 वर्ष आगे चलता है।

आज शुरू होगा हिंदू नववर्ष

देश में इसे अलग-अलग नामों से मनाया जाता है। महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा, दक्षिण भारत में उगादी और उत्तर भारत में नवसंवत्सर।

यह रहेगा प्रभाव

ज्योतिष के अनुसार जब बृहस्पति राजा होते हैं तो धर्म, शिक्षा और ज्ञान में वृद्धि होती है, वहीं मंगल मंत्री होने से साहस, ऊर्जा और प्रशासनिक निर्णयों में तेजी आती है। इस साल एक खास संयोग भी बन रहा है। मीन राशि में सूर्य, चंद्रमा, शुक्र और शनि का चतुर्ग्रही योग, जो इसे और प्रभावशाली बना रहा है।

सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व

सनातन परंपरा में यह दिन अत्यंत पवित्र माना गया है। मान्यता है कि इसी तिथि से सृष्टि की रचना का आरंभ हुआ था, इसलिए इसे नए कार्यों, संकल्पों और शुभ शुरुआत के लिए श्रेष्ठ समय माना जाता है। देश के अलग-अलग हिस्सों में इसे अलग नामों से मनाया जाता है। महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा, दक्षिण भारत में उगादी, जबकि उत्तर भारत में इसे नवसंवत्सर के रूप में मनाया जाता है। इस दिन लोग घरों की साफ-सफाई, पूजा-पाठ और नए कार्यों की शुरुआत करते हैं।

-पंडित कृष्ण दत्त गौड़, ज्योतिषाचार्य

मेष

इस राशि के जातकों का सकारात्मक सिद्ध हो सकता है। करियर में उन्नति के अवसर मिल सकते हैं और लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे हो सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों को नई जिम्मेदारियां या पदोन्नति मिल सकती हैं। व्यापारियों को भी नए प्रोजेक्ट या साझेदारी से लाभ मिलने की संभावना है। जल्दबाजी में लिए गए निर्णयों से बचना ही बेहतर रहेगा।

कर्क

कर्क राशि के जातकों के लिए यह नववर्ष परिवार और संपत्ति से जुड़े मामलों में शुभ संकेत दे सकता है। जमीन या वाहन खरीदने के योग बन सकते हैं। कार्यक्षेत्र में सम्मान बढ़ सकता है। हालांकि भावनात्मक फैसलों से बचना और धैर्य बनाए रखना जरूरी होगा। हालांकि जल्दबाजी में लिए गए निर्णयों से बचना ही बेहतर रहेगा।

तुला

तुला राशि के जातकों के लिए साझेदारी और व्यापार के मामलों में यह वर्ष अनुकूल रह सकता है। व्यापार विस्तार के अवसर मिल सकते हैं। वैवाहिक जीवन में मधुरता बढ़ सकती है। नौकरी में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं, जिससे भविष्य में लाभ होगा। स्वास्थ्य को लेकर थोड़ी सावधानी बरतने की जरूरत होगी।

मकर

मकर राशि वालों के लिए यह वर्ष घर-परिवार और संपत्ति से जुड़े मामलों में महत्वपूर्ण हो सकता है। परिवार में शुभ कार्य होने के योग बन सकते हैं। करियर में स्थिरता आएगी और मेहनत का अच्छा फल मिल सकता है। हालांकि काम का दबाव भी बढ़ सकता है। इससे शुरूआत में कुछ परेशानी हो सकती है।

वृषभ

वृषभ राशि के लोगों के लिए यह नववर्ष आर्थिक दृष्टि से अनुकूल सिद्ध हो सकता है। आय के नए स्रोत बनने की संभावना है और निवेश से लाभ मिल सकता है। परिवार में सुख-शांति बनी रह सकती है। हालांकि खर्चों में भी वृद्धि हो सकती है, इसलिए बजट का संतुलन बनाए रखना जरूरी होगा।

सिंह

इस राशि के लोगों के लिए भाग्य का साथ मिल सकता है। करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर मिल सकते हैं। लंबे समय से चली आ रही परेशानियों में कमी आ सकती है। व्यापारियों को भी लाभ मिलने के योग बन सकते हैं। सामाजिक प्रतिष्ठा और मान-सम्मान में वृद्धि हो सकती है।

वृश्चिक

वृश्चिक राशि के लोगों के लिए कार्यक्षेत्र में बदलाव के योग बन सकते हैं। नई नौकरी या नई जिम्मेदारी मिल सकती है। मेहनत और लगन से किए गए कार्यों में सफलता मिलने की संभावना है। हालांकि विरोधियों से थोड़ा सावधान रहने की जरूरत होगी।

कुंभ

कुंभ राशि के जातकों के लिए यह वर्ष करियर और कारोबार के लिहाज से शुभ सिद्ध हो सकता है। नए लोगों से मुलाकात भविष्य में फायदेमंद साबित हो सकती है। नौकरी और व्यापार दोनों में प्रगति के योग बन सकते हैं। हालांकि सावधानी से कदम बढ़ाने होंगे।

मिथुन

मिथुन राशि वालों के लिए यह वर्ष करियर और शिक्षा के लिहाज से अच्छा साबित होगा। नौकरी में नई उपलब्धियां मिल सकती हैं। उच्च अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। व्यापार से जुड़े लोगों को नए अवसर मिल सकते हैं। विदेश से जुड़े कार्यों में भी सफलता मिलने के संकेत हैं।

कन्या

कन्या राशि वालों के लिए यह वर्ष मिश्रित परिणाम देने वाला रह सकता है। कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा करनी पड़ सकती है, लेकिन उसका फल भी मिलेगा। स्वास्थ्य को लेकर थोड़ी सावधानी बरतने की जरूरत होगी। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर निर्णय लेना बेहतर रहेगा।

धनु

धनु राशि के जातकों के लिए यह वर्ष शिक्षा, ज्ञान और करियर के क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम दे सकता है। विद्यार्थियों के लिए यह समय अच्छा रह सकता है। धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में रुचि बढ़ सकती है। आर्थिक स्थिति भी धीरे-धीरे मजबूत हो सकती है।

मीन

मीन राशि के लोगों के लिए यह वर्ष आर्थिक रूप से मजबूत साबित हो सकता है। आय में वृद्धि के संकेत मिल सकते हैं। करियर में नई जिम्मेदारियां और अवसर मिल सकते हैं। नौकरी उन्नति के योग हैं। परिवार में सुखद वातावरण बना रह सकता है।

खबर संक्षेप

पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाई

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज छावनी के विद्यार्थियों ने एडु ट्रस्ट ऑफ इंडिया के तत्वावधान में चलाए जा रहे "एनवायरनमेंट वॉरियर्स" अभियान के तृतीय दिवस पर उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने समाज में "प्लास्टिक को ना कहें" (से नो टू प्लास्टिक) का संदेश फैलाया और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में योगदान दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने पर्यावरण के अनुकूल विकल्प अपनाने का संदेश देते कपड़े और स्टील के बैग के उपयोग को बढ़ावा दिया।

पार्किंग का ठेका लेने के लिए नीलामी सूचना जारी

बराड़ा। बराड़ा के नायब तहसीलदार आलमगीर ने बताया कि कार्यालय उपमण्डल अधिकारी (ना0) बराड़ा के कार्यालय परिसर में स्थित बाइक/कार जीप पार्किंग व फोटो स्टैट को वर्ष 2026-27 के ठेका के लिए नीलामी पर दिया जाना है। सम्बन्ध में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नीलामी वर्ष 2026-27 (01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027) के लिए उपमण्डल अधिकारी(ना0) बराड़ा के कार्यालय में दिनांक 23 मार्च को प्रातः 11.00 बजे से नायब तहसीलदार बराडा की निगरानी में खुली बोली की जाएगी।

विदेश भेजने के नाम पर ठगी का आरोपी दबोचा

अंबाला। विदेश भेजने के नाम पर लोगों से मोटी रकम ऐंठने वाले गिरोह पर अंबाला पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते एक आरोपी को पंजाब से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान रविन्द्र मोहन निवासी नवां शहर (पंजाब) के रूप में हुई है, जिसे अदालत में पेश कर 1 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस के अनुसार मामले की शिकायत एक पीड़ित महिला ने थाना पंजोखरा में दर्ज करवाई थी। महिला का आरोप है कि आरोपी ने उसके बेटे को विदेश भेजने का झांसा देकर करीब 2 लाख 50 हजार रुपये हड़प लिए। न तो उसे विदेश भेजा और न ही पैसे वापस किए गए। इतना ही नहीं, आरोपी द्वारा जान से मारने की धमकी भी दी गई। मामले में तेजी से कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को नवां शहर, पंजाब से गिरफ्तार कर लिया। अब रिमांड के दौरान पुलिस उससे ठगी गई रकम की रिकवरी के साथ-साथ नेटवर्क का पर्दाफाश करने में जुटी है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि आरोपी ने और कितने लोगों को शिकार बनाया है तथा गिरोह में और कौन-कौन शामिल है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि विदेश जाने के लिए केवल सरकार द्वारा अधिकृत एजेंटों पर ही भरोसा करें।

लोगों ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर उठाए गंभीर सवाल

एक एकड़ में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को किया ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

गांव बराड़ा में जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) अंबाला की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 1 एकड़ क्षेत्र में विकसित की जा रही एक अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया। यह कॉलोनी खसरा नम्बर 134//26 (एम आई एन) में विकसित की जा रही थी, जहां कॉलोनाइजर द्वारा प्लॉटिंग के साथ-साथ पक्की सड़कों का निर्माण भी कर दिया गया था। प्रशासन की इस कार्रवाई के दौरान अवैध कॉलोनी में बनाई गई पक्की सड़कों को पूरी तरह से तोड़ दिया गया। मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान, कनिष्ठ अभियंता अभिषेक कौशिक, क्षेत्रान्वेषक रविंद्र तथा एसएचओ इंफोर्समेंट अपनी टीम और भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। पूरी कार्रवाई पुलिस सुरक्षा के बीच शांतिपूर्वक संपन्न करवाई गई। जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान ने मौके पर मौजूद लोगों को चेताते कहा कि कुछ भूमालिक और प्रॉपर्टी डीलर कॉलोनियों के "रेगुलर होने" का झूठा झांसा देकर भोले-भाले लोगों को प्लॉट बेच रहे हैं। आमजन से अपील की कि वे किसी के प्रलोभन में न आएं और केवल अधिकृत कॉलोनियों में ही निवेश करें। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी इस प्रकार की अवैध कॉलोनियों और निर्माणों के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

बराड़ा। अवैध कालोनी में निर्माण को तोड़ते हुए जेसीबी। *फोटो : हरिभूमि*

मिलीभगत का लगाया आरोप

इस पूरे मामले में यह सवाल भी उठ रहा है कि क्या बिना किसी स्थानीय स्तर की जानकारी या मिलीभगत के इतनी बड़ी अवैध कॉलोनी विकसित हो सकती है? क्या संबंधित अधिकारियों को इसकी भनक पहले से नहीं थी, या फिर जानबूझकर अनदेखी की गई? अगर समय रहते कार्रवाई की जाती, तो न तो लोगों का पैसा डूबता और न ही इस तरह की तोड़फोड़ की नौबत आती।

सबसे बड़ा सवाल, अब पीड़ितों का क्या होगा?

कार्रवाई के बाद बड़ा नुकसान उन लोगों का हुआ है जिन्होंने इन प्लॉट्स में जिंदगी की जमा-पूंजी लगा दी। अब उनके सामने न तो जमीन सुरक्षित है और न ही पैसे वापस मिलने की कोई गारंटी। ऐसे में कुछ सवाल खड़े होते हैं कि क्या प्रशासन प्लॉट खरीदने वाले लोगों के नुकसान की भरपाई करेगा? क्या प्लॉट बेचने वाले कॉलोनाइजर और एजेंटों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई होगी? क्या भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कोई ठोस तंत्र विकसित किया जाएगा?

सवालों के घेरे में प्रशासन

लेकिन सवालों के घेरे में प्रशासन की भूमिका-जहां एक ओर प्रशासन इस कार्रवाई को अपनी सख्ती और सतर्कता का उदाहरण बता रहा है, वहीं दूसरी ओर कई गंभीर सवाल भी खड़े हो रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब यह अवैध कॉलोनी धीरे-धीरे विकसित हो रही थी, तब संबंधित विभाग आखिर क्या कर रहा था? करीब 1 एकड़ में प्लॉटिंग होना, सड़कों का निर्माण होना और लोगों को प्लॉट बेचे जाना — यह सब एक दिन में नहीं हुआ होगा। इसके बावजूद समय रहते कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई? लोगों का कहना है कि प्रशासन की कार्रवाई अक्सर तब होती है, जब कॉलोनी में लोग अपनी मेहनत की कमाई लगाकर प्लॉट खरीद चुके होते हैं। ऐसे में नुकसान सीधे तौर पर आम जनता को उठाना पड़ता है, जबकि कॉलोनाइजर और प्रॉपर्टी डीलर आसानी से बच निकलते हैं।

अवैध कॉलोनियों को शुरुआती स्तर पर ही रोकना चाहिए

स्थानीय लोगों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि प्रशासन को केवल तोड़फोड़ तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि अवैध कॉलोनियों को शुरुआती स्तर पर ही रोकना चाहिए। नियमित निगरानी, सख्त लाइसेंसिंग और पारदर्शिता के बिना इस तरह की घटनाएं लगातार होती रहेंगी। बराड़ा में हुई यह कार्रवाई भले ही अवैध निर्माण पर सख्ती का संदेश देती हो, लेकिन यह भी साफ करती है कि प्रशासन की कार्यप्रणाली में कहीं न कहीं गंभीर खामियां हैं।

नियमित व्यायाम मानसिक और शारीरिक विकास दोनों के लिए आवश्यक: डॉ. मलिक

सतत विकास के लिए ग्रीन गवर्नेंस की अवधारणा महत्वपूर्ण : प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

डीएवी कॉलेज अंबाला शहर में बुधवार को ग्रीन गवर्नेंस और विकास का भविष्य विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी शारीरिक शिक्षा, राजनीति विज्ञान एवं पंजाबी विभाग द्वारा आईक्यूएसी के तत्वावधान में आयोजित की गई, जिसे उच्चतर शिक्षा निदेशालय, हरियाणा द्वारा अनुमोदित किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और डीएवी गान के साथ हुआ। प्राचार्य प्रो. डॉ. आर.एस. परमार ने अतिथियों का स्वागत करते कहा कि सतत विकास के लिए ग्रीन गवर्नेंस की अवधारणा अत्यंत महत्वपूर्ण है। संगोष्ठी के संयोजक डॉ. राजीव राणा ने विषय पर प्रकाश डालते हुए आमजन की भागीदारी वाली नीतियों पर जोर दिया। मुख्य वक्ता के रूप में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रो. डॉ. अरविंद मलिक ने कहा कि नियमित व्यायाम मानसिक और शारीरिक विकास दोनों के लिए आवश्यक है तथा खेलों का उद्देश्य समग्र व्यक्तित्व विकास होना चाहिए। वहीं, प्रो. विकास सभरवाल ने ग्रीन गवर्नेंस की चुनौतियों पर चर्चा करते चेतावनी दी कि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो विकास का भविष्य प्रभावित हो सकता है। संगोष्ठी के ऑनलाइन तकनीकी सत्र की अध्यक्षता पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला के डॉ. हरीश कुमार ने की, जबकि ऑफलाइन सत्र की अध्यक्षता गवर्नमेंट कॉलेज, पंचकूला के प्रो. राममेहर और एसए जैन कॉलेज, अंबाला के प्रो. सुरेंद्र तंवर ने की। विभिन्न सत्रों में कुल 52 शोधकर्ताओं ने अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए। समापन सत्र में पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के प्रो. डॉ. भारत ने प्रेरणादायक संबोधन दिया।

- विभिन्न सत्रों में कुल 52 शोधकर्ताओं ने अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए

नवनियुक्त सांसद बौद्ध का किया सम्मान

- अंबाला छावनी में सम्मान समारोह आयोजित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्य कर्मवीर बौद्ध का अंबाला छावनी में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान अंबाला जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन एवं हरियाणा फाइनेंस कमेटी के पूर्व सदस्य ब्रह्मपाल राणा ने उन्हें मिठाई खिलाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरवीर सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान समर्थकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। ब्रह्मपाल राणा ने कहा कि यह जीत केवल एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि विचारधारा, विश्वास और संगठन की ताकत की जीत है। उन्होंने कहा कि राज्यसभा चुनाव के नतीजों ने साबित कर दिया है कि कार्यकर्ताओं की एकजुटता और समर्पण से हर चुनौती को पार किया जा सकता है।

अंबाला। राज्यसभा सदस्य को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

कार्यकर्ताओं को ऊर्जा

कहा कि सफलता से कांग्रेस कार्यकर्ताओं के मनोबल को नई ऊर्जा मिलेगी और प्रदेश की राजनीति में सकारात्मक बदलाव का रास्ता खुलेगा। राणा ने विश्वास जताया कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में हरियाणा में कांग्रेस और मजबूत होगी तथा आगामी चुनावों में सरकार बनाएगी। राणा ने यह भी कहा कि अंबाला जिले के लिए यह गौरव की बात है कि अब जिले की आवाज संसद के दोनों सदनों में गूंजेगी—एक लोकसभा में और दूसरी राज्यसभा में। उन्होंने इसे जनता के विश्वास और कार्यकर्ताओं के निरंतर संघर्ष का परिणाम बताते हुए कहा कि यह भविष्य की राजनीति को नई दिशा देगा।

वर्तमान समय में एआई व डिजिटल मार्केटिंग का ज्ञान जरूरीः डॉ. उमेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कॉलेज अंबाला कैंट की पहल पर रा.महिला कालेज, में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एवं डिजिटल मार्केटिंग विषय पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को आधुनिक तकनीकों और उनसे जुड़े करियर अवसरों के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में जीएमएन कॉलेज के कंप्यूटर एप्लीकेशन एवं मैनेजमेंट विभाग के सहायक प्राध्यापकों ने एआई के उपयोग, डिजिटल मार्केटिंग के महत्व तथा इन क्षेत्रों में उपलब्ध रोजगार के अवसरों पर विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागी।

नई संभावनाएं बताई

वक्ताओं ने सरल भाषा में तकनीकी विषयों को समझाते छात्राओं को नई संभावनाओं से अवगत कराया। प्राचार्य डॉ. उमेश भारती ने कहा कि वर्तमान समय में एआई और डिजिटल मार्केटिंग का ज्ञान अत्यंत आवश्यक हो गया है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को नई तकनीकों से जोड़ते हैं और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करते हैं। वहीं जीएमएन कॉलेज, अंबाला कैंट के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने अपने संदेश में कहा कि संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों के प्रति जागरूक कर उन्हें रोजगार के बेहतर अवसरों के लिए तैयार करना है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के ज्ञान और कौशल में वृद्धि करते हैं।

राजस्थान के भाटों के दस्तावेजों के अनुसार मंदिर का निर्माण वर्ष 1426 में करवाया था

मुलाना में आस्था का अद्भुत केंद्रः सैकड़ों वर्षों पुराना मां बाला सुंदरी मंदिर, नवरात्रों में उमड़ेगा श्रद्धालुओं का सैलाब

मुलाना स्थित प्राचीन मंदिर में पिंडी रूप में विराजमान मां बाला सुंदरी। *फोटो :हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

मुलाना क्षेत्र में स्थित मां बाला सुंदरी मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र है, बल्कि अपने भीतर सैंकड़ों वर्षों का इतिहास और लोकविश्वास भी समेटे है। राजस्थान के भाटों के दस्तावेजों के अनुसार इस मंदिर का निर्माण वर्ष 1426 में कराया गया था और तभी से स्थल श्रद्धालुओं के लिए अटूट विश्वास का प्रतीक बना हुआ है। मंदिर में माता बाला सुंदरी पिंडी रूप में विराजमान हैं, जिनके दर्शन के लिए दूर-दराज से श्रद्धालु पहुंचते हैं। विशेषकर नवरात्रों के दौरान यहां भव्य मेले का आयोजन होता है, जो पहले नवरात्रे से चतुर्दशी तक चलता है। इस वर्ष मेला 19 मार्च से 2 अप्रैल (हनुमान जयंती) तक आयोजित होगा। मेले के दौरान धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला भी जारी रहेगी। 25 मार्च को सप्तमी के अवसर पर मंदिर परिसर में हवन-यज्ञ किया जाएगा। 26 मार्च से रामायण पाठ शुरू होकर 27 मार्च को राम नवमी के दिन सम्पन्न होगा, जिसके साथ भव्य कीर्तन का आयोजन भी होगा।

▶▶ 30 मार्च को मां भगवती का जागरण आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक पवन डागर और गायिका सुरभि शर्मा प्रस्तुतियां देंगे। वहीं 31 मार्च को कुश्ती दंगल और 2 अप्रैल को पूर्णिमा के दिन हनुमान जयंती मनाई जाएगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर समिति ने व्यापक इंतजाम किए हैं। निशुल्क ठहरने के लिए कमरे, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए मंदिर में 40 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

हर मन्नत पूरी करती हैं मां

स्थानीय मान्यता के अनुसार मां बाला सुंदरी के दरबार में जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से मन्नत मांगता है, उसकी इच्छा अवश्य पूरी होती है। मन्नत पूरी होने पर भक्त दण्डवत प्रणाम करते मंदिर पहुंचते हैं और भंडारे का आयोजन करते हैं। नवरात्रों में मंदिर परिसर जयकारों से गूंज उठता है ।

प्लेग से मुक्ति की अद्भुत कथा

मंदिर से जुड़ी प्रचलित दंतकथा के अनुसार सैंकड़ों वर्ष पहले मुलाना क्षेत्र में प्लेग की भयंकर बीमारी फैल गई थी, जिससे रोजाना कई लोगों की मृत्यु हो रही थी। पूरे गांव में भय का माहौल था। इसी दौरान मारकंडा नदी के किनारे एक चूड़ी बेचने वाले को एक दिव्य कन्या के दर्शन हुए, जिसने उससे चूड़ियां पहनाने की जिद की और तीन भुजाएं दिखाईं। गांव वालों ने इसे मां भगवती का स्वरूप माना।

इतिहास भी देता है गवाही

राजस्थान के भाटों के अनुसार मुलाना कस्बे की स्थापना वर्ष 1422 में हुई थी और वर्ष 1425 में गांव के नम्बरदार सोराज सिंह को माता ने स्वप्न में दर्शन दिए थे। इसके बाद 1426 में मंदिर का निर्माण कराया गया। यह विवरण आज भी भाटों के दस्तावेजों में सुरक्षित है।